# वी. एन्ड सी. पटेल अंग्रेजी विद्यालय

## वार्षिक परीक्षा

दिनांक : १२-३-१८    कक्षा – ६  विषय : हिन्दी    गुण-८०

समय : ३ घण्टा

निर्देश : – सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ अक्षरों में होना चाहिए ।

– उत्तर प्रारंभ करने से पूर्व प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए ।

### पठन विभाग

**प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ५

अनुशासन को मानव जीवन का मूल आधार माना गया है । जीवन का मूल मंत्र ही है – अनुशासन । प्रकृति भी अपना कार्य अनुशासन में रहकर ही करती है । अनुशासन हीन व्यक्ति की तुलना पशुओं से की जाती है । विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्त्व है यही से वह अनुशासन सीखकर अपने आनेवाले जीवन में आगे बढ़ता है । यह दो प्रकार का होता है – बाह्य अनुशासन और आंतरिक अनुशासन । अनुशासन न मानने पर दण्ड अथवा सजा का प्रावधान होता है । अपनी आत्मा की बात सुनकर उसके कहे अनुसार चलना आत्मानुशासन कहलाता है । अनुशासन का सर्वश्रेष्ठ प्रकार आत्मानुशासन ही है यह ऐसा अनुशासन है जो किसी व्यक्ति को नैतिक, सामाजिक और वैयकतिक दृष्टि से अन्य व्यक्तियों से श्रेष्ठ बना देता है । बाह्य अनुशासन तो व्यक्ति कभी-कभी दण्ड या सजा के डर से भी अपनाता है ।

प्रश्नो :

१. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।
२. जीवन का मूल आधार किसे माना गया है ?
३ विद्यार्थी जीवन में इसका क्या महत्त्व है ?
४. अनुशासन का कौन सा प्रकार श्रेष्ठ है ?
५. अनुशासन न मानने पर किसका प्रावधान होता है ?

### व्याकरण विभाग

**प्र-२ निर्देशानुसार लिखिए ।**

**क. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए ।** २

१. मछली <u>जल</u> में रहती है ।
२. मेरा <u>भाई</u> तेज दौड़ता है ।
३. सीमा मेरी अच्छी <u>मित्र</u> है ।
४. पूनम की रात <u>चंद्रमा</u> पूरा निकलता हैं ।

**ख. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।** ३

प्रेम,  आकाश,  न्याय,  खरीदना,  जीवन,  धर्म

**पीछे**

ग. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द देते हुए उत्तर लिखिए । २

१. जिसमें बल न हो　　२. जो मधुर बोलता हो
३. काम से जी चुराने वाला　　४. किए गए उपकार को माननेवाला

घ. निम्न शब्दों मे उपसर्ग लगाते हुए नया शब्द बनाइए । ( कोई ४ ) २

दिन, मंत्री, भाव, जन्म, गमन, वतन

च. निम्न शब्दों में प्रत्यय लगाते हुए नया शब्द बनाइए । ( कोई ४ )

बना, रोज़, छल, मर, घूम, मीठा

छ. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा छाँटकर अलग कीजिए । २

१. रमा अच्छा गाती है ।
२. नदी का पानी मीठा होता है ।
३. मोहन दिल्ली में रहता है ।
४. फूल की सुगंध बहुत अच्छी है ।

ज. निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम लगाते हुए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । २

१. ............. अपना गृहकार्य कर लिया है । (मैंने, मुझे, मैं)
२. ............. सदा सत्य बोलना चाहिए । (मैं, हमें)
३. आपके घर ............. आया हैं ? (कौन, मैं, किसे)
४. यह तोहका (गिफ्ट) ............. के लिए हैं । (हम, आप)

झ. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण लगाते हुए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । २

१. कोयल का कंठ .............. होता है । (सुस्त, मधुर, कडवा)
२. मुझे ............... शक्कर चाहिए । (दो किलो, दर्जन)
३. गिलास में ............ जूस है । (थोडा, धीरे)
४. यह गुलाब ............... है । (लाल, तेज)

ट. निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया लगाते हुए वाक्य पूरा कीजिए । २

१. धोबी कपडे ............... रहा है ।
२. माँ खाना ............... रही है ।
३. वह फूट-फूट कर ............ ।
४. पक्षी आकाश में ............. रहे हैं ।

ठ. निम्नलिखित वाक्यों में उचित अविकारी शब्द लगाते हुए वाक्य पूरा कीजिए । २

१. लतिका ............ आई । (अभी, कल, या)
२. मोहन तुम ............ बोलते हो, ............. बोलो । (बहुत, और, यहां, कम)
३. नयना ............ मीरा गा रही है । (और, कहाँ)
४. मेरे घर के ........... एक मंदिर है । (दूर, पास)

सामने

ड. **निम्नलिखित वाक्यों को सही करके फिर से लिखिए ।** २

१ अहिंसा के पुजारी थे गाँधीजी ।
२. सीता गए वन में राम लक्ष्मण और ।
३. सदा बोलना सत्य चाहिए हमें ।
४. सवेरे उठना चाहिए हमें जल्दी ।

ढ. **मुहावरों के सही जोड़े मिलाइए ।** २

| | |
|---|---|
| १. आग लगाना | १. बुरी तरह हराना । |
| २. कान पर जूँ न रेंगना | २. बहुत खुश होना । |
| ३. फूला न समाना | ३. लडाई करवाना । |
| ४. दाँत खट्टे करना | ४. कुछ भी असर न होना । |

## लेखन विभाग

प्र-३ क. अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए । ५

ख. **दिए गए संकेतो के आधार पर शिक्षा तथा शीर्षक लिखते हुए कहानी लिखिए ।** ५

सूर्य वायु में बहस होना ........... मैं अधिक बलवान । रास्ते में यात्री का कबल ओढे आना .......... उपाय सूझा । यात्री का कबल उतारने का प्रयास करना । चुनौती स्वीकार करना । .......... वायु का तेज होना । ......... सूर्य का ताप बढ़ना । .......... वायु का हार स्वीकार करना ।

## साहित्य विभाग

प्र-४ क. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर २-३ पंक्तियों में लिखिए ।** १६

१. केशव और श्यामा के मन में अंडो के बारे में किस तरह के सवाल उठते थे ?
२. अक्षरों के ज्ञान से पहले मनुष्य अपनी बात को दूर-दराज के इलाकों तक पहुँचाने के लिए किन-किन माध्यमों का सहारा लेता था ?
३. 'सागर ने रस्ता छोड़ा परबत ने सीस झुकाया' — साहिर ने ऐसा क्यों कहा है ? लिखो ।
४. हेलेन केलर प्रकृति की किन-किन चीज़ों को छूकर पहचान लेती थी ?
५. लोकगीतों की कोई चार विशेषताएँ लिखिए ।
६. आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधीजी ने कौन-सा काम करवाया और क्यों ?
७. ''अब और कितनी दूर चलना है, पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा'' किसने, किससे, पूछा और क्यों ?
८. नागराजन ने अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा और क्यों ?

ख. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द / पंक्ति में दीजिए ।** ५

१. गोल, चमकीले रोडे को यदि दरिया और आगे ले जाता तो क्या होता ?
२. लोकगीत को किसके सामने हेय समझा जाता था ?
३. गाँधीजी नौकरों को किसके समान मानते थे ?
४. वन के मार्ग में कौन सबसे ज्यादा थक जाता है ?
५. गुजरात के दलीय गायन का नाम लिखिए ।

ग. किसने किससे कहा ? उपयुक्त पद्य पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ४

''हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात ।
अपने कर से खिला-धुला मुख
धूल पोंछ सज्जित कर गात,
थमा खिलौने नहीं सुनाती,
हमें सुखद परियों की बात ।

१. बड़े होने पर कौन सदा हमारे साथ नहीं फिरती है ?
२. बड़े होने पर किसकी कहानी नहीं सुनाई जाती ?
३. हमारे हाथ में क्या थमा दिया जाता है ?
४. पंक्तियों के आधार पर छोटे होने पर कौन से काम हमे नहीं करने पड़ते है ?

प्र-४ उचित विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ६

१. 'नादान-दोस्त कहानी के लेखक का नाम है
   क) प्रेमचंद   ख) निर्मलवर्मा   ग) हरिऔद्य   घ) मोहन
२. अक्षरों की खोज किसने की ...
   क) ईश्वर   ख) राम   ग) मनुष्य   घ) जानवर
३. ''झांसी वाली रानी'' में रानी लक्ष्मीबाई की कहानी किसके द्वारा सुनी गई है
   क) जयपुर   ख) बुंदेल हरबोलो   ग) राम भोलो   घ) लखउ
४. हेलेन केलर कौन थी ?
   क) लेखिका   ख) अभिनेत्री   ग) गायिका   घ) भारतीय
५. 'संसार पुस्तक है' लेखक का नाम है
   क) गाँधीजी   ख) तात्याटोपे   ग) सरदार पटेल   घ) जवाहरलाल नहेरु
६. गाँधीजी अपना काम किस से करवाना पसंद करते थे ?
   क) गरीबों से   ख) स्वयं अपने आप   ग) मंत्री से   घ) बेटों से

प्र-५ निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । ९

१) कोशिश   २) भृकुटी   ३) अचरज   ४) अकसर   ५) जर्रा   ६) लोकगीत
७) पाखाने   ८) प्रतिदान   ९) धीर   १०) नियामत   ११) निष्फल   १२) अनंत
१३) अनुकरण   १४) बुहारी   १५) डग   १६) चारू   १७) ठाढ़े   १८) आतुरता